PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Mon, 12 Jun 2017, Page 9
Width: 16.37 cms, Height: 23.71 cms, a4, Ref: 24.2017-06-12.109

केंद्र ने राज्यों से कहा

योग दिवस में भागीदारी बढ़ाने के लिए संगठनों को शामिल करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र ने 21 जून को आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों से रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन्स (आरडब्ल्यूए) और व्यापारी संगठनों को शामिल करने को कहा है।

केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव बी आनंद ने राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिवों को पत्र लिख कर कहा है कि रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन्स और बाजार तथा व्यापारिक संगठन महत्वपूर्ण पक्षकार हैं जिनकी भागीदारी सहायक साबित हो सकती है। उन्होंने लिखा कि मैं आपके क्षेत्र के स्थानीय शहरी निकायों से अनुरोध करता हूं कि वे योग को और लोकप्रिय बनाने के लिए आरडब्ल्यूए, व्यापारियों को शामिल करें और तीसरे अंतरराष्टरीय योग दिवस को सफल बनना सुनिश्चित करें।